इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् ने नवोदय विद्यालयों में दाखिले के लिए चयन परीक्षाएं आयोजित की, पांचवां अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण आयोजित किया, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति देने के लिए वार्षिक द्वितीय स्तर की परीक्षाएं आयोजित की, स्कूल शिक्षा के विभिन्न पहलुओं के संबंध में अनुसंधान परियोजनाएं प्रायोजित की, जनसंख्या शिक्षा परियोजना के अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक एवं प्रशिक्षण कार्यकलाप शुरू किये और द्वि-पक्षीय सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम कार्यान्वित किये ।

दिल्ली में नये कालेजों का खोला जाना

819. श्री राम जेठमलानी :
डा. जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले कुछ वर्षों से स्कूल की शिक्षा पूरी करके आगे अध्ययन करने हेतु कालेज की शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली में नियमित कालेजों की संख्या में वृद्धि की है ;

(ग) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में वर्ष वार खोले गये नये कालेजों की संख्या क्या है ;

(घ) क्या चालू वर्ष में कोई नये कालेज खोले जा रहे हैं ; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिमनभाई मेहता) : (क) जी, हां।

(ख) जी, हां।

(ग) 1987–88 में तीन नए कालेज और 1988–89 में एक नया कालेज खोला गया था ।

(घ) और (ङ) दिल्ली प्रशासन द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के अनुसार, उन्होंने 1990–91 के लिए अपने योजनागत आवंटन में यमुनापार में दो कालेज और पश्चिम दिल्ली में एक कालेज खोलने के लिए प्रावधान किया है।

820. [Transferred to the 24th May, 1990]

5–14 आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिये शिक्षा

821. सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में 5 वर्ष से 14 वर्ष के बीच की आयु के सभी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए विद्यालयों में दाखिल करने के प्रति वचनबद्ध है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस दिशा में कोई समयबद्ध योजना कार्यान्वित करने का विचार रखती है ;

(ग) यदि हां, तो वर्ष 1990–91 से वर्ष 1995–96 की अवधि के दौरान देश में उपर्युक्त श्रेणी में आने वाले बच्चों की अनुमानित संख्या कितनी होगी; और

(घ) उपरोक्त अवधि के दौरान उपर्युक्त बच्चों के लिए कितने विद्यालयों की आवश्यकता पड़ने की संभावना है और सरकार कितने विद्यालय खोल पाने में सक्षम होगी ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिमनभाई मेहता) : (क) और (ख) 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए जहां तक सम्भव हो स्कूलों से माध्यम से और यदि आवश्यक हो तो गैर औपचारिक शिक्षा केन्द्रों के